सड़क हादसों एवं थैलीसीमिया ग्रस्त पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन

दिनाँक 27 जून 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 'मार्गदर्शन' एन० जी० ओ० के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अमित अग्रवाल (आई. ए. एस. जिला उपायुक्त फरीदाबाद) थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रक्तदान की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा-"हरियाणा राज्य में फरीदाबाद शहर रक्त एकत्रित करने में सर्वोच्च है। रक्तदान को मिशन के रूप में लेना चाहिए।" महाविद्यालय प्रांगण की प्रशंसा करते हुए अग्रवाल सभा के प्रधान एवं प्राचार्य को बधाई दी। साथ ही मार्गदर्शन संस्था के सड़क सुरक्षा के लिए किये गए अथक प्रयासों की सराहना करते हुए की 21000/- राशि 'मार्गदर्शन' संस्था को प्रदान की।

इस सुअवसर पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता जी, उपप्रधान श्री डॉ० वासुदेव गुप्ता जी कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में, मार्गदर्शन के संरक्षक श्री आलोक मित्तल जी (आई. पी. एस., आई .जी. नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी), प्रधान डॉ० एस. डी. पाराशर जी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता, मार्गदर्शन के उपप्रधान श्री नील कांत बख्शी, वरिष्ठ सदस्य श्री संजीव तेवतिया, मार्गदर्शन के अन्य सदस्य, कॉलेज समिति के गणमान्य सदस्य, संभाग द्वितीय की प्रभारी डॉ० उषा अग्रवाल, महाविद्यालय के प्रवक्तागण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। महाविद्यालय की एन० एन० एस० इकाइयों और यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारी गण तथा स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। "रक्तदान महादान "इस भावना प्रेरित होकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस शिविर में उत्साह से भाग लिया।

अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रक्त दान के महत्त्व को बताया और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

मार्गदर्शन के संरक्षक श्री अलोक मित्तल जी ने सड़क सुरक्षा , सड़क यातायात के नियमों और विद्यार्थियों को फर्स्ट ऐड की जानकारी प्रदान करने पर बल देते हुए यह बताया कि सड़क दुर्घटनाएं चिंता का कारण हैं, इसलिए स्वच्छ भारत के साथ साथ सुरक्षित भारत पर भी योजनाएं प्राथमिकता से बननी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी संस्था सड़क हादसों के शिकार पीड़ितों और थैलीसीमिया से ग्रस्त रोगियों को समय पर रक्त की सुविधा प्रदान करती है। इस शिविर में जो रक्त इकाइयाँ एकत्र होंगी उनका पचास प्रतिशत फाउंडेशन ऑफ़ थैलीसीमिया को दिया जाएगा। स्वयं आलोक मित्तल जी ने रक्तदान कर सबको प्रेरित किया। इस अवसर पर थैलीसीमिया संस्था से जुड़े श्री रविन्द्र जुड़ेजा ने बताया कि इस समस्या का इलाज जागरूकता एवं जानकारी है।

मार्गदर्शन संस्था के सचिव श्री तरुण गुप्ता (सी० ए०) ने समस्त कार्यक्रम का संचालन अत्यंत कुशलता पूर्वक किया और उपस्थित सभी को सड़क सुरक्षा सम्बंधित शपथ दिलाई। कॉलेज छात्राओं ने मार्गदर्शन गीत प्रस्तुत किया । इस शिविर में विद्यार्थियों , प्राध्यापकों और मार्गदर्शन संस्था से जुड़े अनेक सदस्यों ने रक्तदान कर इस महायज्ञ में अपना योगदान दिया। कुल 92 इकाई रक्त एकत्रित किया गया।

राजकुमार अग्रवाल (भारतीय विकास परिषद्), संतोष अग्रवाल (हरियाणा किक बॉक्सिंग), अरिहंत जैन(सी० ए०), एस सी गुप्ता(सी० ए०), दीपक अग्रवाल (आर० आर० एस०), अजय गुप्ता, देबोजीत चक्रवर्ती और प्रख्यात कवि दिनेश रघुवंशी भी इस शिविर की शोभा बढ़ा रहे थे।